# ई-टोकन व्यवस्था बन रही किसानों के लिए अभिशाप

**छपारा क्षेत्र में सर्वर डाउन, खाद के लिए भटक रहे किसान**



**छपारा नवभारत।** जिले के छपारा क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा,वहीं ई-टोकन व्यवस्था किसानों के लिए अभिशाप साबित हो रही है।

ज्ञात हो कि छपारा जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चमारी खुर्द एवं आसपास के गांवों में किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सर्वर डाउन होने के कारण सहकारी समितियों के साथ-साथ निजी खाद विक्रेताओं के यहां भी खाद वितरण व्यवस्था प्रभावित हो गई है। इस वजह से किसान सुबह से शाम तक ऑनलाइन दुकानों के बाहर कतारों में खड़े होकर घंटों इंतजार करने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन एवं बिलिंग प्रक्रिया बाधित होने से किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। वही वर्तमान समय खेती का महत्वपूर्ण पल है यदि खाद की कमी और तकनीकी समस्याओं के कारण किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। कई किसानों का कहना है कि बुवाई का समय नजदीक है, लेकिन खाद नहीं मिलने से कृषि कार्य प्रभावित होने की आशंका है।

किसानों ने आरोप लगाया है कि ई-टोकन व्यवस्था और बार-बार आने वाली तकनीकी समस्याओं ने खेती-किसानी को संकट में डाल दिया है। उनका कहना है कि समय पर खाद और बीज उपलब्ध नहीं होने से फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सर्वर समस्या का तत्काल समाधान कराया जाए तथा खाद वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए, ताकि किसानों को समय पर आवश्यक कृषि सामग्री उपलब्ध हो सके।

साथ ही क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आगामी दिनों में कृषि कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं। किसानों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर राहत प्रदान करने की मांग की है।

साथ ही चमारी क्षेत्र के किसान वीरेंद्र ठाकुर बताया कि ई-टोकन व्यवस्था ने किसानों को खेती के संकट में डाल दिया है। पहले से ही खाद की सीमित उपलब्धता किसानों की चिंता बढ़ा रही है, वहीं ऊपर से ई-टोकन बुक नहीं हो पा रहा है। किसान दिन भर समितियों और ऑन लाइन दुकानों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जिससे खेती के जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

**टोकन की समस्या**

किसान का कहना है कि बुवाई नजदीक आ रहा है, लेकिन खाद और टोकन की समस्या का समाधान नहीं हो रहा। किसान समझ नहीं पा रहे हैं कि कम खाद में खेती कैसे करें। यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो फसलों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। ई-टोकन की व्यवस्था ने किसानों की खेती को संकट में डाल दिया है। समय पर खाद और बीज न मिलने से फसल प्रभावित हो रही है। किसान परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार मौन हैं। आखिर किसानों की मेहनत का नुकसान कौन भरेगा ?

# निम्न गुणवत्ता के बिजली खंबे लगा रहे विद्युत ठेकेदार



उगली नवभारत। लगभग 13 वर्ष हो गये देश में भाजपा की सरकार और प्रदेश में 25 वर्षों से काबिज भाजपा सरकार के कार्यकाल में हो रहे विकाश कार्यों की हकीकत बयां करता बिजली का खंबा, यह तस्वीर है, सिवनी जिले के अंतिम क्षोर पर बसे उगली उप तहसील मुख्यालय की जहां किसानों के खेत जाने वाले मार्ग पर अभि विगत एक माह पूर्व ही बिजली के खंबे लगाये गये हैं, बीते शनिवार को आये प्री मानसून की पहली दस्तक ने ही बिजली के खंबे को गिराकर ठेकेदारी की पोल खोल दी, आज संपूर्ण भारत में ठेकेदारी प्रथा का चलन चरम पर है, हर कार्यों में ठेकेदार ही काम कर रहे, अभी इन खंबो में बीजली के तार लगे भी नहीं है, और खंबों की स्थिति स्पष्ट है, बिजली जैसे खतरनाक उपकरणों को तो कम से कम ठेकेदारों को उच्च गुणवत्ता वाले इस्तेमाल करने चाहिए, आंधी तूफान में यह टूट जाते हैं, जिनका बिजली विभाग मेंटेनेंस के अंतर्गत सुधार कार्य कर बिजली व्यवस्था सुचारू करता है, लेकीन निम्न गुणवत्ता के बिजली के खंबे, वायर लीड और भी अन्य सामाग्री को तो कम से कम अच्छी क्वालिटी की खरीदें।

**इनका कहना है**

यह सामग्री हमें बिजली विभाग से अनुबंधित कंपनी उपलब्ध कराती है, इसमें हम ठेकेदारों की कोई गलती नहीं है. लेकीन क्या ऐसे घटिया क्वालिटी के उपकरणों से देश, प्रदेश का वीकास संभव है, कृपया देश और प्रदेश की सरकार को गंभीर होना चाहिए क्योंकी ग्रामीण क्षेत्रों में भी आमजन बडी संख्या में निवास करते है, कृपया इन्हें बेवकूफ ना बनायें, अच्छे बिजली उपकरण और सामग्रियों को अच्छी कंपनियों से क्रय करें, कम से कम पांच साल तो यह सामाग्रियां चलें.


## एक नजर में

### सत्यम कौशले ने नौवीं बार किया रक्तदान



सिवनी। कतिया समाज संस्था जिला शाखा सिवनी (पंजीयन क्रमांक 10277) के नगर अध्यक्ष दयाराम उर्फ बबलू कौशले के सुपुत्र सत्यम कौशले, निवासी ललमटिया (सिवनी), ने एक बार फिर मानवता और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने जिला चिकित्सालय सिवनी में भर्ती एक महिला मरीज को रक्तदान कर नया जीवन देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पलारी तिगड्डा (झगरा) निवासी श्रीमती ललिता जावरे को उपचार के दौरान रक्त की तत्काल आवश्यकता थी। सूचना मिलते ही सत्यम कौशले बिना विलंब किए जिला चिकित्सालय पहुंचे और स्वेच्छा से रक्तदान कर मरीज की सहायता की। उनके इस सराहनीय कार्य से श्रीमती ललिता जावरे को समय पर रक्त उपलब्ध हो सका, जिससे उनके उपचार में मदद मिली। विशेष बात यह है कि सत्यम कौशले अब तक 9वीं बार रक्तदान कर चुके हैं। लगातार रक्तदान कर वे समाज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रहे हैं। कतिया समाज संस्था के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने श्री सत्यम कौशले के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उनके माता-पिता को भी ऐसे संस्कारवान एवं समाजसेवी पुत्र के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। समाज के लोगों ने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। सत्यम कौशले का यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है तथा युवाओं को मानव सेवा के लिए आगे आने का संदेश देता है।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठायें



**सिवनी।** अब बिजली बिल की चिंता छोड़िए। भारत सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मार्च 2027 से पूर्व रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कराकर उपभोक्ता सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश में अब तक 2 लाख से अधिक उपभोक्ता इस योजना में नामांकित हो चुके हैं। मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा योजना के संबंध में हितग्राहियों को प्रमाणित एवं त्वरित जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्हाट्सएप चैटबॉट सोलर चाचा का शुभारंभ किया गया है। इसके माध्यम से नागरिक योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, सब्सिडी तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक उपभोक्ता आज ही अपना सोलर सफर प्रारंभ करने के लिए जारी क्यूआर कोड स्कैन करें अथवा मोबाइल नंबर 8815107640 पर संदेश भेजकर चैटबॉट सेवा का लाभ प्राप्त करें। योजना के माध्यम से उपभोक्ता स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ बिजली व्यय में भी बचत कर सकते हैं।

# सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत पुलिस प्रशिक्षण मॉड्यूल का तृतीय दिवस



**सिवनी नवभारत।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार सिंहस्थ मेला-2028 की पुलिस ड्यूटीज को लेकर मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से जिला स्तरीय प्रशिक्षण मॉड्यूल का प्रथम बैच पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी में दिनांक 01 जून से 06 जून तक संचालित किया जा रहा हैं। विदित हो कि 01 जून 2026 को पुलिस अधीक्षक महोदय कृष्ण लालचंदानी के कर कमलों व अति पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा की गरिमामय उपस्थिति में इस प्रशिक्षण मॉड्यूल का विधिवत उद्घाटन किया गया है।

प्रशिक्षण के तृतीय दिवस प्रशिक्षुओं ने जिला पुलिस लाइन में योगा, ध्यान अभ्यास किया इस उपरांत कंट्रोल रूम सिवनी में प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे व एसआई संजीव मिश्रा के द्वारा अति महत्वपूर्ण विषय सिंहस्थ के दौरान प्रतिबंधित रेडिकल संगठनों सिमी, पीएफआई व आतंकवादी गतिविधियों के विरुद्ध क्या रणनीति व कार्ययोजना हैं के सैद्धांतिक व व्यवहारिक बिंदुओं पर सूक्ष्मता से जानकारी सांझा की गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति/सामग्री की पहचान और फ्रिस्किंग के तरीकों व अलर्टनेस बीडीडीएस, एटीएस व अन्य आसूचना एजेंसियों की भूमिका व उनके साथ कार्य, मेला क्षेत्र में सर्विलेंस, शाही स्नान एवं सामान्य दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या, महत्वपूर्ण व्यक्तियों के आगमन, जुलूसों, अखाड़ों और सवारियों के दौरान क्या इंतजाम करना है पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही उज्जैन मेला क्षेत्र की उक्त कर्तव्यों से संबंधित फिल्म और पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन भी प्रशिक्षुओं के समक्ष उनकी समझ हेतु प्रस्तुति इस प्रशिक्षण मॉड्यूल को सरल और सफल बना रही है। होमगार्ड, रेडियो व पुलिस बल से कुल 42 प्रशिक्षु अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।





# सतेंद्र पटवा के निवास पहुंचे मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक

**घंसौर नवभारत।** माँ नर्मदा घाटी सभ्यता दर्शन यात्रा के दौरान घंसौर पधारे राष्ट्रीय बाल आयोग के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो का यात्रा के दौरान घंसौर आगमन हुआ जिसमे पहले जनपद सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में सहभागी बने एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये बैठक उपरांत प्रियांक कानूनगो भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्य प्रदेश के प्रदेश कार्य समिति विशेष आमंत्रित सदस्य, शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति घंसौर के अध्यक्ष व राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के कार्य परिषद सदस्य सतेंद्र पटवा के निज निवास पर मिलने पहुंचे एवं परिवारजनों से भेंट की। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद किया एवं एक एक कर सभी समस्याओं को सुना एवं आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर देवेंद्र जैन, प्रमोद पटेल, सतेंद्र पटवा, मुकेश सेन, मुकेश तिवारी पुरषोत्तम गुमास्ता, जितेंद्र नेमा, अक्षय गोल्हानी, पुरषोत्तम तिवारी, सुनील सेन, हीरा चक्रवर्ती, नीरज बर्मन, अंकित नामदेव एवं वरिष्ठ पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# पुरुषोत्तम मास पूर्णिमा पर धार्मिक आयोजन, द्वारकाधीश राधाकृष्ण मंदिर में 108 सपत्नीक जोड़ों ने सुनी श्री सत्यनारायण कथा

**सिवनी नवभारत।** पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा के पावन अवसर पर शीलादेही स्थित श्री द्वारकाधीश राधाकृष्ण मंदिर एवं सहज संतोष आश्रम में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर 108 सपत्नीक जोड़ों ने एक साथ बनारस एवं परमहंसी गंगा आश्रम से पधारे विद्वान शास्त्रीजी के श्रीमुख से भगवान श्री सत्यनारायण की पावन कथा एवं वैदिक मंत्रोच्चार का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

यह आयोजन अनंत श्री विभूषित पीठद्वयाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के संकल्प तथा अनंत श्री विभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा स्थापित सहज संतोष आश्रम, शीलादेही में संपन्न हुआ।



आयोजन के दौरान संपूर्ण आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम में गीता पराभक्ति मंडल के सदस्यों द्वारा सामूहिक श्रीमद्भगवद्गीता पाठ का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने एक स्वर में गीता के श्लोकों का पाठ कर आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक दिव्य बना दिया। इस अवसर पर परम पूज्य ब्रह्मचारी श्री निर्विकल स्वरूप जी महाराज के मंगलमय आशीर्वचन भी श्रद्धालुओं को प्राप्त हुए। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में धर्म, भक्ति, सेवा एवं सदाचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज को आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं व्यवस्थापन आश्रम के व्यवस्थापक मोहित दुबे, मंदिर के पुजारी प्रीतम शास्त्री एवं लकी शास्त्री सहित सहयोगी ब्राह्मणों द्वारा किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा भगवान श्री सत्यनारायण एवं जगद्गुरु शंकराचार्य परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

# पीड़ित परिवार से मिले विधायक राय, ढांढ़स बंधाकर स्वीकृत की आर्थिक सहायता





**सिवनी नवभारत।** बुधवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात किया तथा शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया और त्वरित आर्थिक सहायता स्वीकृत किया।

ज्ञात हो बीते दिनों ग्राम दुकली में एक निर्माणाधीन कुएं के कंक्रीटीकरण कार्य के दौरान तराई करते समय अचानक मिट्टी धंस गई थी। इस दर्दनाक हादसे मे मलबे में दबने से 42 वर्षीय अनुसूईया जंघेला और उनकी 17 वर्षीय पुत्री स्वाति जंघेला की असामयिक मृत्यु हो गई थी, जबकि परिवार की बुजुर्ग महिला समनिया बाई जंघेला गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। आज भाजपा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ग्राम दुकली पीडित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने इस कठिन समय परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त किया और आर्थिक सहायता स्वीकृत किया।

पीड़ित परिवार से मिलने के पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी शासकीय जिला चिकित्सालय सिवनी पहुंचे। वहां आपने हादसे मे घायल हुई लगभग 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला समनिया बाई जंघेला जी से मुलाकात किया तथा स्वास्थ्य की जानकारी ली और बेहतय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने निर्देश दिया। इसके अलावा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने ग्राम चंदौरी निवासी दिवंगत जुगल किशोर जी के निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### जिला बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापना के आदेश जारी

**सिवनी।** अतिवर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत जिला स?तर पर लोक सेवा प्रबंधन डीसीसीसी कार्यालय में 15 जून से 30 अक्टूबर तक कीअवधि के लिए जिला बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। जिसका कार्यालयीन दूरभाष क्रमांक 07692-225866 है। यह केंद्र निर्धारित अवधि में 24 घंटे संचालित होगा। बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय श्री सुरेश कुमार राय को प्रभारी अधिकारी एवं अनुरेखक श्री घनश्याम मर्सकोले को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# सिवनी रजवाड़ा के विवेक अग्रवाल नागपुर में हुए सम्मानित



**सिवनी नवभारत।** सिवनी के युवा इवेंट मैनेजर एवं गुरु कृपा इवेंट्स के संचालक विवेक अग्रवाल को नागपुर में आयोजित इवेंट मैनेजर डे सेलिब्रेशन एंड इंडस्ट्री मीट के दौरान सम्मानित किया गया। उन्हें इवेंट इंडस्ट्री में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए टोकन ऑफ एप्रिसिएशन प्रदान किया गया। नागपुर इवेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा प्रत्येक वर्ष 31 मई को इवेंट मैनेजर डे के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी नागपुर के सेंटर प्वाइंट होटल में आयोजित समारोह में इवेंट मैनेजमेंट इंडस्ट्री से जुड़े कलाकारों, प्रोफेशनल्स और आयोजकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विवेक अग्रवाल को उनकी सेवाओं और इवेंट इंडस्ट्री में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनकी पूरी टीम की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। गौरतलब है कि इवेंट मैनेजर वे लोग होते हैं जो किसी भी शादी, सामाजिक आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम या कॉर्पोरेट इवेंट को सफल बनाने के लिए पर्दे के पीछे रहकर अथक मेहनत करते हैं।




# प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को मिला सम्मान और कैरियर मार्गदर्शन

**सिवनी नवभारत।** विद्यार्थियों की प्रतिभा को सम्मानित करने एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से कौशल श्री विकास समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा का उत्सव, भविष्य की तैयारी थीम पर प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन शासकीय पी.जी. कॉलेज (प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज), सिवनी में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक दिनेश (मुनमुन) राय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय (बाबा) पांडे ने की। वहीं शासकीय पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.एस. नाग विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण विशेष मार्गदर्शन सत्र रहा, जिसमें विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर एवं भविष्य की संभावनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी, भोपाल से डॉ. अनिल तिवारी, एलएनसीटी ग्रुप से विकास पवार एवं प्रेस्टीज ग्रुप से परवेज़ कुरैशी ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा के अवसरों, स्कॉलरशिप तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कौशल श्री विकास समिति के अध्यक्ष सतीश बिल्लौरे ने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों का सम्मान करना नहीं, बल्कि उन्हें भविष्य की नई संभावनाओं से जोड़ना और सही दिशा प्रदान करना है। समिति पिछले कई वर्षों से मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रतिभा सम्मान एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कार्यक्रम में समिति की ओर से राजेश, राकेश बावरिया एवं आशीष मेहरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के के.सी. बापू सर द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को प्रभावी एवं रोचक ढंग से संचालित किया। समारोह में शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। अंत में सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए ऐसे आयोजनों को समय की आवश्यकता बताया।

**पत्रकारवार्ता** युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने के लिए प्रतिभा एक खोज कार्यक्रम प्रारंभ किया गया

# कांग्रेस ने घटिया रोड, स्ट्रीट लाईट का मुद्दा उठाया



**सिवनी नवभारत।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश के युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने के लिए प्रतिभा एक खोज कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री नरेश मरावी जी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई पत्रकार वार्ता में बताया गया कि युवाओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने के लिए ऐसे युवाओं चयन किया जाएगा जो राइटर, डिजाइनर, एडिटर, कार्टूनिस्ट ऑथर्स, ब्लॉगर्स, मोटिवेशनल स्पीकर्स, सोशल वर्कर्स एंटरटेनमेंट से में जिनकी रूचि हो 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन वे जमा कर सकते हैं।

आवेदन का लिंक जिला कांग्रेस द्वारा सोशल मिडिया प्लेट फॉर्म में उपलब्ध हे आवेदन जमा करने के बाद उन्हें भोपाल में चयन के लिए बुलाया जाएगा और यदि उनका चयन क्षेत्र में होता है तो उन्हें कांग्रेस के प्रचार प्रसार के लिए काम करना होगा।

पत्रकार वार्ता में पत्रकारों द्वारा नगर के पालिका से संबंधित मुद्दों को भी उठाया गया जिसमें आज शुक्रवारी राम मंदिर के पास पुलिया टूटने से एक टैंकर पलट गया बड़ी दुर्घटना घट सकती थी महावीर वार्ड बीजेपी से पार्षद श्रीमती अनसुईया पटवा ने कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञान चंद पर सीधे आरोप लगाया है कि उनके द्वारा पुलिया निर्माण को लेकर अनेक बार मांग की गई किंतु अध्यक्ष ने कोई ध्यान नहीं दिया जिसके कारण यह दुर्घटना घटी इसी तरह राय सिंह कंपनी द्वारा किए जा रहे हैं मॉडल रोड के निर्माण पर भी नगर पालिका के कार्यकारी अध्यक्ष किसी प्रकार का कोई संज्ञान नहीं ले रहे हैं जिसके चलते सड़क में घटिया निर्माण कार्य कराया गया है करोड़ों रुपए के लगे स्ट्रीट लाइट पोल निकालकर दूसरे पोलो को लगाया गया है जो की व्यर्थ खर्च हैं जो कार्य बहुत महत्वपूर्ण था।

इसी तरह बुधवारी बाजार में जो जल भराव की स्थिति बारिस में होती है उसे नाले को नगर पालिका के सामने से चिल्लर सब्जी मंडी होते हुए ईद का मस्जिद तक सामने निर्माण करना अत्यंत आवश्यक था राय सिंह कंपनी द्वारा वह कार्य नहीं किया गया भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों का ठेकेदार को पूरा संरक्षण प्राप्त है अनेक शिकायत के बाद भी उसे पर कोई कार्यवाही नहीं की गई और ना ही कार्य को रोका गया उसे राय सिंग कंपनी द्वारा पूरी तरीके से गुणवत्ता विहीन कार्य किया गया है नगर में गौ कशी को लेकर हुई कार्रवाई पर पूछे गए सवाल में कहा गया कि पुलिस द्वारा की जाए रही कार्रवाई सही है हर अपराध पर कार्यवाही समान रूप से होना चाहिए।

पत्रकार वार्ता में प्रभारी कमलेश अरपाचे हर्रई, संगठन सचिव हनीफ खान, विष्णु करोसिया, जे पीएस तिवारी, प्रकाश सूर्यवंशी राज़ीक अकील शिब दीप डहेरिया, आदित्य मोंटू भूरा एवं बड़ी संख्या में जिले के सभी पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।